दिनांक : 15.02.2026 समय: 02.10PM

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

पीएम राहत योजना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सडक दुर्घटना में घायल लोंगो को अस्पताल में भर्ती और उन्हें इलाज की गारंटी देने वाली पीएम राहत योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना में किसी भी तरह की सडक पर दुर्घटना की स्थिति में सात दिन तक के इलाज के लिए डेढ लाख रुपये तक के नकदी रहित इलाज का खर्च सरकार उठायेगी। मंत्रालय के अनुसार, सरकार अस्पतालों को मोटर वाहन दुर्घटना कोष से भुगतान करेगी।

शहरी चुनौती कोष–प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष– यूसीएफ को स्वीकृति दिए जाने की केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता की शहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल शहरों को देश की आर्थिक वृद्धि का मुख्य प्रेरक बनाएगी। शहरी चुनौती कोष– यूसीएफ गृह और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित संयुक्त योजना है। इसमें केंद्र की ओर से कुल एक लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।

महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं। उपराष्ट्रपति ने इस पर्व को काशी से रामेश्वरम तक भारत की शाश्वत आध्यात्मिक एकता का प्रतीक बताया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के प्राचीन बड़वाले महादेव मंदिर में अभिषेक कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिव बारात में हिस्सा लिया और नागरिकों को पर्व की बधाई दी। आज का दिन उज्जैन के लिए भी ऐतिहासिक होने जा रहा है, जहाँ मुख्यमंत्री डॉ. यादव 'विरासत से विकास' के संकल्प के साथ 'विक्रमोत्सव–2026' और बहुप्रतीक्षित 'विक्रम व्यापार मेले' का भव्य शुभारंभ करेंगे। 15 फरवरी से शुरू हो रहा यह उत्सव न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को संजोएगा, बल्कि व्यापारिक गतिविधियों के माध्यम से उज्जैन को नई आर्थिक ऊंचाइयों पर ले जाएगा। महाशिवरात्रि के पावन मौके पर हजारों भक्त शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु तीर्थ स्थलों पर स्नान कर रहे हैं। प्रदेश की धार्मिक राजधानी उज्जैन इस भव्य नजारे और खास तैयारियों पर हमारी विशेष रिपोर्ट....

बागेश्वर धाम

आज महाशिवरात्रि पर छतरपुर के बागेश्वर धाम में भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ आयोजित सातवें विशाल सामूहिक विवाह समारोह में 305 जोड़े एक–दूसरे का हाथ थामेंगे। इस आयोजन में 9 देशों के राजदूतों सहित देश–विदेश की जानी–मानी हस्तियां शिरकत कर रही हैं। इस समागम में नव–दंपत्तियों को गृहस्थी के सामान के साथ 30–30 हजार रुपये की एफडी भी दी जा रही है। धाम पर उमड़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और स्वास्थ्य के चाक–चौबंद इंतजाम किए हैं।

क्रिकेट

आईसीसी टी–ट्वेंटी विश्व कप में ग्रुप ए में आज कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबला होगा। यह मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआती दो मैच जीतकर चार–चार अंक हासिल किये हैं, जिससे सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए आज का मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण हो गया है।

\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-\-